प्रतिनिधित्व करता है और उसके अंतिम अवशेष के रूप में खड़ा है जिसमें 600 से अधिक वनस्पति प्रजातियों 120 पक्षीयों की प्रजातियां, 20 स्तनपायी प्रजातियां, 20 सरीसृप और उभयचरों की प्रजातियां, कीड़ों की सैकड़ों प्रजातियां और अन्य अकशेरुकी शामिल है;

और जहाँ, राष्ट्रीय उद्यान के आसपास हैदराबाद शहरी विकास प्राधिकरण (एच एम डी ए) के 25 से 35 मीटर पैदल रास्ते को छोड़कर कोई वन क्षेत्र या खुला क्षेत्र नही है;

और, पारिस्थितिकीय और पर्यावरणीय दृष्टि से पारिस्थितिकीय संवेदी जोन के रूप में कासू ब्रह्मानंद रेड्डी राष्ट्रीय उद्यान के संरक्षित क्षेत्र, जिसका विस्तार 25 से 35 मीटर तक की सीमाएं इस अधिसूचना के पैरा 1 में विनिर्दिष्ट हैं, को संरक्षित और सुरक्षित करना आवश्यक है तथा उक्त पारिस्थितिकीय संवेदी जोन में उद्योगों के प्रचालन या प्रसंस्करण या उद्योगों के वर्गों का प्रचालन और प्रसंस्करण करने को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है ;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उप-धारा (1), उप-धारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) और उप-धारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, तेलंगाना राज्य के कासू ब्रह्मानंद रेड्डी राष्ट्रीय उद्यान की सीमाएं 25 मीटर से 35 मीटर तक के विस्तारित क्षेत्र को पारिस्थितिकीय संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिक संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :--

1. **पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार और उसकी सीमाएं**--(1) पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार तेलंगाना राज्य के कासू ब्रह्मानंद रेड्डी राष्ट्रीय उद्यान की सीमा के चारो ओर हैदराबाद महानगर विकास प्राधिकरण (एचएमडीए) वाक वे को आवरित करते हुए 25 मीटर से 35 मीटर तक है ।

(2) पारिस्थितिक संवेदी जोन का मानचित्र निर्देशांक के साथ **उपाबंध I** रूप में उपाबद्ध है ।

**2. पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना** –(1) राज्य सरकार, पारिस्थितिक संवेदी जोन के प्रयोजन के लिए राजपत्र में इस अधिसूचना के अंतिम प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से, इस अधिसूचना में संलग्न अनुबंधों के सामंजस्य से आंचलिक महायोजना तैयार करेगी ।

(2) आंचलिक महायोजना राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित होगी ।

(3) पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना, राज्य सरकार द्वारा इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट रूप में ऐसी रीति में तथा सुसंगत केंद्रीय और राज्य विधियों के सामंजस्य में भी तथा केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गनिर्देश, यदि कोई हों, द्वारा तैयार होगी ।

(4) आंचलिक महायोजना समाकलित करने के लिए राज्य के सभी संबद्ध विभागों के परामर्श से तैयार होगी, अर्थात्:--

(i) पर्यावरण ;

(ii) वन ;

(iii) नगर विकास ;

(iv) पर्यटन ;

(v) नगरपालिक ;

(vi) राजस्व ;

| | | |
|---|---|---|
| | | सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से विनियमित होंगे और न्यूनतम पर रखे जाएंगे ।<br>(ग) पारिस्थितिक संवेदी जोन में संनिर्माण क्रियाकलाप आंचलिक महायोजना के अनुसार होंगे। |
| 12. | वृक्षों की कटाई । | (क) राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन, सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर या वनों में किंही वृक्षों की कटाई नहीं होगी ।<br>(ख) वृक्षों की कटाई, संबंधित केंद्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार विनियमित होगी ।<br>(ग) आरक्षित वनों और संरक्षित वनों के मामले में कार्य योजना निर्देशों का पालन किया जाएगा । |
| 13. | वाणिज्यिक जल संसाधन जिसके अंतर्गत भू-जल संचयन भी है । | (क) भूमि के अधिभोगी के वास्तविक कृषि और घरेलू खपत के लिए ही जल का सतही और भूमिगत जल निष्कर्षण अनुज्ञात होगा ।<br>(ख) औद्योगिक या वाणिज्यिक उपयोग के लिए सतही और भूमिगत जल के निष्कर्षण के लिए संबंधित विनियामक प्राधिकारी से पूर्व लिखित अनुज्ञा अपेक्षित होगी जिसके अंतर्गत कितने परिमाण में वह निष्कर्षण करेगा, भी है ।<br>(ग) सतही या भूजल का विव्रय अनुज्ञात नहीं होगा ।<br>(घ) किसी भी स्रोत से, जिसके अंतर्गत कृषि भी है, जल के संदूषण या प्रदूषण को रोकने के लिए सभी उपाय किए जाएंगे । |
| 14. | विद्युत केबलों और दूरसंचार टावरों का परिनिर्माण । | भूमिगत केबल लगाने को बढ़ावा दिया जाएगा । |
| 15. | होटलों और लॉज के विद्यमान परिसरों में बाड़ लगाना । | लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे । |
| 16. | विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना । | यथा लागू उचित पर्यावरण समाघात निर्धारण और न्यूनीकरण उपायों के साथ किया जाएगा । |
| 17. | रात्रि में यानिक यातायात का संचलन । | लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होंगे । |
| 18. | विदेशी प्रजातियों को लाना । | लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे । |
| 19. | पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण । | लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे । |
| 20. | प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में उपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण । | उपचारित बहिर्स्राव के पुनर्चक्रण को प्रोत्साहित करने और अबमल या ठोस अपशिष्टों के निपटान के लिए विद्यमान विनियमों का अनुपालन किया जाएगा । |
| 21. | वाणिज्यिक साइनबोर्ड और होर्डिंग । | लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे । |
| 22. | प्रदूषण कारित न करने वाले लघु उद्योग । | पारिस्थितिक संवेदी जोन में देशीय माल से उत्पादों का उत्पादन करने वाले गैर प्रदूषण, गैर परिसंकटमय, लघु और सेवा उद्योग, कृषि उद्यान, कृषि या कृषि आधारित ऐसे उद्योग जो पर्यावरण पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं डालते हैं, अनुज्ञात किए जाएंगे । |
| 23. | वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रहण । | लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे । |
| 24. | वायु और यानिक प्रदूषण । | लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे । |
| 25. | प्लास्टिक के थैलों का उपयोग । | लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध । |
| 26. | कृषि प्रणालियों में प्रबल परिवर्तन । | लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे । |
| | **संवर्धित क्रियाकलाप :** | |
| 27. | डेयरी, डेयरी उद्योग और मत्स्य उद्योग के साथ स्थानीय समुदायों द्वारा चल रही कृषि और बागवानी गतिविधियां । | लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात । |
| 28. | वर्षा जल संचयन । | सक्रिय रूप से बढावा दिया जाएगा । |

